स्थानांतरण के संबंध में दिशा-निर्देशों की सभी विभाग करें पालना: अनुराग अग्रवाल

कहा, मुख्य सचिव और डीजीपी को अनुपालना की तुरंत भेजनी होगी रिपोर्ट

चंडीगढ़,

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया है कि लोकसभा 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर भारत के चुनाव आयोग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि पिछले चार वर्षों में एक संसदीय क्षेत्र या जिले में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके पुलिस के उच्च पदों पर आसिन अधिकारियों व जिला चुनाव अधिकारियों की जिले से बाहर पोस्टिंग की जाए, इसकी पालना सभी विभागध्यक्ष अक्षरशः करें। इसकी रिपोर्ट मुख्य सचिव और डीजीपी को भेजनी होगी ,अनुपालना की भी तुरंत रिपोर्ट भेजनी होगी। अग्रवाल आज यहां चुनाव प्रबंधों को लेकर भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों पर विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत के चुनाव आयोग के संज्ञान में आया है कि चुनाव के दौरान राज्य सरकारों द्वारा अधिकारियों को

● पिछले चार वर्षों के दौरान एक स्टेशन पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले पुलिस के बड़े अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों की जिले से बाहर होगी पोस्टिंग

एक ही संसदीय क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित/तैनात किया जा रहा है, इस लिए आयोग ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए अपनी वर्तमान स्थानांतरण नीति में एक अति महत्वपूर्ण सुधार किया है। उन्होंने कहा कि अब सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, जिला रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, अतिरिक्त महानिदेशक रेंज, आइजी, डीआईजी, सीनियर पुलिस अधिक्षकों, पुलिस अधिक्षकों, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षकों, उप पुलिस अधिक्षकों, सर्कल अधिकारियों

या इसके समकक्ष पुलिस अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाएगा, यदि उन्होंने एक ही संसदीय क्षेत्र या जिले में पिछले चार वर्षों में से तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिला रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उनके गृह जिलों वाल संसदीय क्षेत्र में पोस्टिंग न दी जाए। आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को छोडक़र, सभी राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित किया गया है, उन्हें उसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तैनात नहीं किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग की स्थानांतरण नीति का अक्षरश- पालन किया जाना चाहिए, न कि अनुपालन दिखाने के लिए इसे छिपाया जाना चाहिए। यह नियम उन तबादलों और पोस्टिंग पर पूर्वव्यापी रूप से लागू होता है जिन्हें आयोग के पूर्व निर्देशों के अनुसार पहले ही लागू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ईसीआई नीति के अनुसार, उन सभी अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है जो या तो अपने गृह जिले में तैनात थे या एक स्थान पर तीन साल पूरे कर चुके हैं। इसमें वे अधिकारी शामिल हैं जो किसी भी तरह से सीधे या सुपरवाईजरी क्षमता में चुनाव कार्य से जुड़े हुए हैं। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनावों में खलल डालने के खिलाफ आयोग की जीरो टॉलरेंस नीति रही है।

साले ने की जीजा की चाकू मारकर हत्या

फरीदाबाद। संजय कॉलोनी इलाके में मंगलवार की रात एक साले ने अपने जीजा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपी और उसके दोस्त कमरे में कुछ खा रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर उनका झगड़ा हो गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया है। आरोपियों को मकान मालिक और अन्य पड़ोसियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। मृतक की पत्नी दीपिका ने बताया कि उनके पति अंशुल पुत्र गोरेलाल की उम्र 39 वर्ष थी। वह अपने पति के साथ संजय कॉलोनी इलाके में किराए के मकान में रह रही थी। वह मूल रूप से कानपुर की रहने वाली है। इटावा में उसकी बुआ का बेटा मोहर सिंह रहता था, जो कि गांव में बेरोजगार घूम रहा था। जिसे उसके पति अंशुल कुछ महीने पहले अपने साथ फरीदाबाद लेकर आए थे और उन्होंने ही उसका काम एक वर्कशॉप में लगवाया था। जिसके बाद से वह भी उन्हीं के कमरे में उनके साथ रहता था। दीपिका ने बताया कि वह 10 दिन पहले अपने भाई से मिलने के लिए गाजियाबाद गई थी और 10 दिन से वही रह रही थी। मंगलवार की रात लगभग 1:30 बजे के आसपास बादशाह खान सिविल अस्पताल से उनके फोन आया

बूथ स्तर पर संगठन मजबूती पर काम कर रही जेजेपी : अजय चौटाला

● तोशाम में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय चौटाला का जोरदार स्वागत

भिवानी

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जेजेपी जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जेजेपी मिशन 2024 के तहत लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में निरंतर जनसंपर्क अभियान, रैलियां कर रही हैं। अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है, इसके लिए पार्टी द्वारा बूथ सखी, बूथ योद्धा कार्यक्रम गति पर हैं। बुधवार को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला तोशाम हलके में जनसंपर्क अभियान के तहत गांव रिवासा, सांगवान, किरावड़, भूटाना व खानक में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी संगठन दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रहा है और

नए लोग पार्टी से जुड़ रहे है, यह सब जेजेपी की जनहितैषी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण संभव हो रहा है। डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी जननायक चौ. देवीलाल के सोच और सिद्धांतों की पार्टी है।

उन्होंने कहा कि जेजेपी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी की नीतियों व कार्यों को हर गांव व हर घर तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव में प्रचार-प्रसार की टीमें बनाएं। दौरे के दौरान अजय चौटाला जेजेपी कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए और उनका हालचाल जाना। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे आगामी चुनाव की तैयारियों में कोई कोर-कसर न छोड़े। विभिन्न गांवों में पहुंचने पर जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष का ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जेजेपी जिला प्रधान जोगिंदर सिंह बागनवाला, हलका अध्यक्ष राजेश भारद्वाज, रविंद्र पटौदी, कृष्ण बजीना, सुलोचना पोटलिया, ऋषिपाल फोगाट, कृष्ण वर्मा, सोमवीर ढाणी मऊ, राजेश बीरन ,बिजेंदर रेड्, बिट्टू, पप्पू बुसान,सतबीर खानक, राजा पत्थर वाली, कपूर वाल्मीकि, मनोज यादव, संकेत जूली, संजय कारखाल, मदन यादव, सतबीर छापोला ,उमेद भेरा,पप्पू बुसान सतबीर खानक, शंकर आहुजा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आवारा कुत्तों की दशा सुधारने में स्नो टेल्स का आयोजन 10 मार्च को

कुल्लू / मनाली

पालतु पशुओं विशेषकर कुत्तों और उनके मालिकों के बीच के भावुक जज्बातों को ओर अधिक मजबूती देने की दिशा में मनाली की स्वयं सेवी संस्थां - मनाली स्ट्रेज ने अपनी तरह की अनोखी पहल की है। अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर स्थित सिस्सू में आगामी 10 मार्च को आयोजित होने वाली स्नो मेराथन जहां एक ओर देश विदेश के कोने कोने से धावक अपने वर्चस्व का परिचय देंगें वहीं इसी कड़ी में स्नो टेल्स का आयोजन भी किया जा रहा है। स्नो टेल्स में कुत्तों और उनके मालिकों के लिये रेस का न्यौता दिया जा रहा है। स्नो मेराथन के आयोजकों ने कुत्तों की इस विशेष रेस का आयोजन कर अपनी उदारता का परिचय दिया है । बर्फ से ढ़की सतह पर यह रेस - एक किलोमीटर और दो

किलोमीटर की कैटेगरी में आयोजित की जायेगी। पशु उत्थान से जुड़े पेट केयर ब्रांड - बार्क आउट लाउड, भालू हिमालयन च्यिू स्टिक्स और रेमंड्स बेक शॉप के सहयोग से इस प्रयास को मजबूती प्राप्त हुई हैं और आयोजक आश्वास्त हैं कि धावकों के साथ साथ पशु प्रेमी भी लगभग दस हजार पर होने वाले आयोजन का हिस्सा अवश्य बनेंगें।

प्रतिभागी स्नोटेल्स डॉट इन पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। मनाली स्ट्रेज , मनाली के आवारा पशुओं के लिये रेस्क्यू बचाव, मेडिकल केयर, वैक्सीनेशन और स्टेयरलाईजेशन नसबंदी के अभियान चलाकर इन असंख्य बेजुबानों की दशा सुधारने में अपना योगदान दे चुकी है। स्नो टेल्स की यह रेस इस दिशा में एक प्रयास है जोकि शहर के आवारा कुत्तों को पुनर्वसित करेगी।

मनाली स्ट्रेज की सहसंस्थापिका कमलेश ने बताया कि लाहौल की खूबसूरती के बीच स्नो टेल्स का आयोजन सभी को सुखद अनुभूति प्रदान करेगा। उनके अनुसार गत वर्ष 20 कुत्तों की भागीदारी के साथ वे उम्मीद कर रहें है यह आयोजन एक फिर सफल होगा तथा यह वर्ल्ड क्लास स्नो पेट स्पोर्टिंग इवेंट बनने की क्षमता रखता है। साथ ही पशु कल्याण की दिशा में यह एक सार्थक कदम होगा।

नवनियुक्त हलका इंचार्ज रणजीत सिंह खुराना एवं राजिन्द्र सिंह चंदी की तरफ से शुक्राना समागम कल

फगवाडा,

शिरोमणि अकाली दल (ब) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल द्वारा फगवाड़ा शहरी हलके के नवनियुक्त इंचार्ज रणजीत सिंह खुराना और ग्रामीण इंचार्ज राजिन्द्र सिंह चंदी की तरफ से परमात्मा का शुक्राना करने के लिये धार्मिक समागम श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी का ओट आसरा लेकर 8 मार्च दिन शुक्रवार को गुरुद्वारा सुखचैन साहिब फगवाड़ा में करवाया जा रहा है। जानकारी देते हुए रणजीत सिंह खुराना और राजिन्द्र सिंह चंदी ने बताया कि सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्री सुखमनी साहिब का पाठ होगा। जिसके पश्चात कीर्तन श्रवण करवाया जायेगा। सरबत के भले की अरदास होगी और गुरु साहिब का कोटि-कोटि शुक्राना किया जायेगा। गुरु घर के लंगर की सेवा अटूट बरताई जायेगी। उन्होंने शिरोमणी अकाली दल (ब) के समूह सदस्यों, पदाधिकारियों, यूथ अकाली दल और महिला विंग की सभी कार्यकर्ताओं से इस शुक्राना समागम में शामिल होने की पुरजोर अपील की है।

डॉ. सुमीत अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट के खिताब से सम्मानित किया

हिसार

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, हिसार में अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई) ने गर्व के साथ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुमीत अग्रवाल को प्रतिष्ठित एएमआईएम कैंसर ट्रस्ट द्वारा उत्तर भारत में सर्वश्रेष्ठ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट की विशिष्ट उपाधि से सम्मानित किए जाने की घोषणा की है। डॉ.अग्रवाल को ये सम्मान ली मेरिडियन होटल नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कैंसर देखभाल को आगे बढ़ाने के प्रति डॉ. अग्रवाल के समर्पण और रोगियों के जीवन पर उनके गहरे प्रभाव को दर्शाता है।यह पुरस्कार अत्याधुनिक रेडिएशन थैरेनी के प्रति डॉ. अग्रवाल की प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है, जो मरीजों को सौम्यता और प्रभावी उपचार प्रदान करने में एक्सीलेंस के उनके निरंतर प्रदर्शन को दर्शाता है। एएमआईएम कैंसर ट्रस्ट, ऑन्कोलॉजी में एक्सीलेंस को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है और डॉ. अग्रवाल जैसे व्यक्तियों को

मान्यता देता है जो इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।डॉ.अग्रवाल की इस उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व व्यक्त करते हुए, एओआई के रीजनल चीफ ऑपरेटिव ऑफिसर (आरसीओओ) डॉ. अमित धवन ने कहा कि डॉ. अग्रवाल की उपलब्धि उनके असाधारण कौशल, समर्पण और उत्तर भारत में ऑन्कोलॉजी कम्युनिटी पर सकारात्मक प्रभाव का प्रमाण है। यह मान्यता हमारे मरीज़ों को बेस्ट हेल्थकेयर प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए, डॉ. सुमीत अग्रवाल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उत्तर भारत में बेस्ट रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट के रूप में पहचाना जाना वास्तव में विनम्र है।

सार-संक्षेप

जिंदल स्टेनलेस ने राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों में जीता प्रथम पुरस्कार

हिसार। जिंदल स्टेनलेस ने राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार वर्ष 2022-23 की अवधि के लिए समग्र संयंत्र में क्रियान्वित ऊर्जा के प्रभावी उपयोग हेतु 1 मेगावाट से ऊपर के उद्योग श्रेणी के तहत मिला है। पुरस्कार समारोह हाल ही में चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अंतर्गत हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (एचएआरईडीए) द्वारा आयोजित किया गया था। हरियाणा सरकार के माननीय ऊर्जा और जेल मंत्री, श्री रणजीत सिंह द्वारा ब्रिटिश उच्चायुक्त, चंडीगढ़, कैरोलीन रोवेट और ऊर्जा विभाग, हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, श्री ए के सिंह की उपस्थिति में यह पुरस्कार जिंदल स्टेनलेस की टीम को प्रदान किया गया। राज्य की 100 से अधिक कंपनियों ने इस श्रेणी में अपनी प्रतिस्पर्धा दर्ज की। जिंदल स्टेनलेस हिसार को यह उपलब्धि समर्पित करते हुए, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इकाई प्रमुख, श्री विजय कुमार बिंदलिश ने कहा कि परिचालन प्रक्रियाओं में प्रयुक्त सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता और संरक्षण रणनीतियाँ एक हरित, एवं अधिक स्थिर विश्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को नवाचार, स्वदेशीकरण और कर्मचारी जागरूकता के साथ जोड़ते हैं। हम अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं को उनके सभी पहलुओं में सतत एवं स्थिर बनाने के लिए सचेत प्रयास कर रहे हैं। कंपनी की ऊर्जा-कुशल रणनीति उत्पादन प्रक्रिया के हर चरण में विभिन्न हरित प्रयासों के सफल कार्यान्वयन पर आधारित है। ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट की हालिया कमीशनिंग जो कि स्टेनलेस स्टील निर्माण में ग्रीन हाइड्रोजन के पहले उपयोग का प्रतीक है, इसी दिशा में एक अग्रणी कदम है। प्रक्रिया अनुकूलन, पुनर्संरचना और भट्ठी में ऑक्सीजन का प्रतिशत बढ़ाने से ईंधन की खपत में काफी कमी आई है। ऊर्जा दक्ष जल पंप, इलेक्ट्रिक मोटरों की स्थापना और पूरे संयंत्र परिसर में एलईडी प्रकाश व्यवस्था को व्यापक रूप से अपनाना जिंदल स्टेनलेस हिसार की ऊर्जा संरक्षण परियोजना के प्रमुख स्तम्भ हैं।

नेक्सस अमृतसर मॉल ने अपनी 14वीं वर्षगांठ पर आयोजित किए समारोह

अमृतसर। नेक्सस अमृतसर मॉल की 14वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कम्युनिटी इंगेजमेंट के साथ साथ रिटेल एक्सीलेंस का उत्तम समावेश देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर मॉल परिसर में सुबह सुखमनी साहिब पाठ आयोजित किया गया जिसके बाद कीर्तिन और गुरु का लंगर में व्यापक संख्या में विजिटर्स और संगत जुटी। इसके बाद इम्पलोई सर्टिफिकेशन सेरेमनी में मॉल कर्मचारियों को उनकी 14 साल की कर्तव्यनिष्ठा के लिये सम्मानित किया गया । विभिन्न केटेगरियों में रिटेल रेनासेंस अवार्ड्स में सभी की उत्कृष्टता का आभार प्रकट किया गया। मालें का यह उत्सव न केवल बेहतरीन शापिंग एक्सपीरियंस के लिये नेक्सस अमृतसर माल की प्रतिबद्धता को दर्शाना था बल्कि समुदाय के साथ मॉल के गहरे संबंध और रिटेल के हर पहलू में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के समर्पण को भी प्रदर्शित करना था।

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के पूर्व प्रधान व बेटे पर मामला दर्ज

हिसार, (हि.स.)। हांसी शहर पुलिस ने सनातन धर्म महिला महाविद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल व उनके बेटे तथा प्रबंधक समिति के महासचिव अंकुर गोयल पर कालेज के रिकॉर्ड, दस्तावेज व गलत तरीके से रुपए निकलवाने को लेकर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में कालेज प्राचार्य डॉ. सुरेश गुप्ता ने कहा है कि उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य आयुक्त द्वारा एसडीएम को महाविद्यालय का प्रशासक नियुक्त किया गया है। इसी के चलते 13 सितंबर 2023 में कालेज प्रशासक मोहित महराणा ने प्रबंधक समिति के पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल को रिकार्ड गायब चोरी व गबन मिलने बारे पत्र लिखा था लेकिन पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल द्वारा प्रशासक मोहित महराणा के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया गया और ना ही उन्होंने कालेज के गायब रिकार्ड व रुपए वापस किए गए।

महिलाओं को खुद को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया

चंडीगढ़,

ऐसी दुनिया में जहां महिलाएं अक्सर अपनी ज़रूरतों से पहले दूसरों की ज़रूरतों को प्राथमिकता देती हैं, सोनी सब और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के कलाकार महिलाओं को उनकी ज़रूरतों और इच्छाओं को समान रूप से प्राथमिकता देने की याद दिलाने के लिए हाथ मिला रहे हैं। एक विचारोत्तेजक वीडियो में, चैनल्स के प्रमुख फिक्शन और रियलिटी शो के कलाकार जैसे सुम्बुल तौकीर (काव्या एक जज़्बा एक जुनून से काव्या), करुणा पांडे (पुष्पा इम्पॉसिबल से पुष्पा), अंजलि तत्रारी (वंशज से युविका), परिवा प्रणति (वागले की दुनिया से वंदना), मीरा देवस्थले (कुछ रीत जगत की ऐसी भी की नंदिनी), श्रुति आनंद (मेहंदी वाला घर से मौली) सहित अन्य कलाकार इस मुद्दे का समर्थन करते हुए, और बिना किसी अपराधबोध के, महिलाओं को अपने दिल की बात सुनने और खुद को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए देखे गए।खुद की सुनो, खुद को चुनो शीर्षक वाले इस वीडियो के ज़रिये, चैनल के सबसे प्रसिद्ध शो के इन प्रिय किरदारों का उद्देश्य सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना, और महिलाओं को खुद से प्यार करने और खुद को प्राथमिकता देने पर समान रूप से ज़ोर देते हुए खुद को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

वंशज में युविका की भूमिका निभा रहीं, अंजलि तत्रारीने कहा कि मैं खुद की सुनो खुद को चुनो फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह दमदार तरीके से याद दिलाती है कि हर जगह महिलाएं अपना रास्ता चुनने और बिना किसी अपराधबोध के अपनी खुशी और लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की स्वतंत्रता की हक़दार हैं। वंशज में, पुरुष-प्रधान दुनिया में एक मजबूत और दृढ़निश्चयी व्यवसायी महिला के रूप में, मेरे किरदार युविका का सफर इस संदेश को गहराई से दर्शाता है।

घर का ताला तोड़कर नगदी व गहने चोरी

सोनीपत। सोनीपत शहर के ककरोई रोड स्थित श्याम नगर में चोर घर के ताले तोडक़र लाखों रुपये के गहने और 75 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार जब वापस लौटा तो चोरी का पता लगा। सिटी थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। श्याम नगर निवासी दिलबाग सिंह ने बुधवार को बताया कि उनके भाई सुरेंद्र सिंह सेक्टर-23 में रहते हैं। अपने घर पर ताला लगाकर अपने परिवार साथ अपने भाई के घर पर गए थे। जब वह मंगलवार को वापस आए तो देखा कि बाहर व अंदर दोनों स्थानों पर गेट के ताले टूटे थे। अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने अलमारी की जांच की तो उसमें से 75 हजार रुपये की नकदी, सोने की चेन, हार, तीन अंगूठी, कानों की बालियां, मंगलसूत्र, चांदी का हथफूल, दो जोड़ी पाजेब व दो जोड़ी चुटकी चोरी हो गए हैं।

एनएआर इंडिया और जीएआर ने नार्विगेट 2024 में अभूतपूर्व सफलता की घोषणा की

चंडीगढ़,

नार्विगेट 2024 - एक अभूतपूर्व इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट कन्वेंशन और वेयरहाउसिंग कॉन्क्लेव के रूप में एनएआर (इंडिया और जीएआर के ऐतिहासिक गठबंधन ने एक अद्वितीय सफलता हासिल की है, जिसका आयोजन गोवा की मनमोहक पृष्ठभूमि पर किया गया। 29 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित हुए इस कार्यक्रम ने न केवल 16वें एनएआर-इंडिया नेशनल कन्वेंशन को चिन्हित किया बल्कि संगठन की ऐसी शक्ति के रूप में प्रमाणित कर स्थापित किया जो परिवर्तन लाने में सक्षम है। इसमें पूरे भारत और दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी और एक्सपर्ट्स एक मंच पर इकठ्ठा हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने अपने सम्बोधन में इस बात पर बल देते हुए कहा कि रियल एस्टेट भारतीय

अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली आधार शिला के रूप में कार्य करता है और एक दूरदर्शी सोच रखने वाली सरकार के साथ उन्नाति और नवाचार, आवश्यक और प्राप्त करने योग्य है।

इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की सभाएं व्यावसायिक गतिविधियों और क्षेत्र विशेष के लेनदेन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेष अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री मॉविन गोडिन्हो ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, गोवा रियल एस्टेट क्षेत्र में एक केंद्र बिंदु के रूप में उभर रहा है। हम महत्वपूर्ण विकास की सीमा पर होने से बेहद खुश हैं। विकास के इस स्तर तक पहुंचने और गोवा में इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए मैं जीएआर और एनएआर-इंडिया जैसे संगठनों की सराहना करता हूं। इस तरह की पहल न केवल गोवा के विकास में योगदान देगी बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगी।÷एनएआर-इंडिया ने नॉर्थईस्ट फ्लोरिडा एसोसिएशन ऑफ रीयलटर्स (यूएसए), ग्रेटर बर्गेन रीयलटर्स (यूएसए) और थाई रियल एस्टेट सेल्स एंड मार्केटिंग एसोसिएशन (थाईलैंड) जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग्स (एमओयू) की घोषणा कर वैश्विक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया है।

नथिंग ने लॉन्च किया फोन (2ए),सीएमएफ बाय नथिंग बड्स और नेकबैंड प्रो

शिमला,

नथिंग ने बुधवार को फोन (2ए) को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कंपनी का बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन है, जिसका ग्राहक लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फोन (2ए) को नथिंग की सभी खूबियों, इंजीनियरिंग दक्षता और डिजाइन कौशल के साथ पेश किया गया है, यह यूजर्स की सभी जरूरतों को पूरा करते हुए रोजमर्रा के इस्तेमाल योग्य एक बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करेगा। यह ऐसे यूजर्स के लिए एक बेहद खास स्मार्टफोन है, जो हमेशा नए इनोवेशन और डिज़ाइन की तलाश में रहते हैं। इन ग्राहकों को हमेशा यह पता होता है कि उन्हें अपने स्मार्टफोन से क्या चाहिए (और क्या नहीं चाहिए)। नथिंग फोन (2ए) में एक पावरफुली यूनीक प्रोसेसर, एक 50 MP का एक असाधारण डुअल रियर कैमरा, ज्यादा ब्राइटनेस वाला फ्लेक्सिबल एमोलेड डिस्प्ले और एक आसान ओएस दिया गया है। यह यूजर्स को

एक फास्ट और स्मूथ अनुभव प्रदान करता है। नथिंग के सीईओ और को-फाउंडर कार्ल पे ने कहा यह हमारी प्रगति को गति देने का साल है, और फोन (2ए) इस दिशा में हमारा पहला बड़ा कदम है। फोन (2ए) के साथ अब ज्यादा से ज्यादा लोग नथिंग के इनोवेशन का अनुभव कर सकेंगे। अब और भी ज्यादा लोग इसे पसंद करेंगे। हमें विश्वास है कि यह हमारा अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला प्रोडक्ट बन जाएगा।

मीडियाटेक के साथ मिलकर तैयार किए गए डिमेंसिटी 7200 प्रो प्रोसेसर की खूबियों वाला फोन (2ए) बेमिसाल पावर एफिशियएंसी और दमदार स्पीड प्रदान करता है। इसे रैम बूस्टर तकनीक के साथ 20 जीबी (12 जीबी + 8 जीबी) रैम के साथ पेश किया गया है। स्मार्ट क्लीन और एडेप्टिव एन टी एफ एस जैसे आप्टिमाइजेशन के साथ, नथिंग और मीडियाटेक ने पावर कंजम्प्शन को 10% तक कम कर दिया है।

डिवाइस में लंबे वक्त तक चलने वाली 5,000 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जो तेजी से चार्ज करने के लिए 45W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। ट्रूलेन्स इंजन द्वारा संचालित बेहतरीन डुअल 50 एमपी रियर कैमरे और 32 एमपी फ्रंट कैमरे से लैस, फोन (2a) जीवन के सभी कीमती पलों को सटीकता के साथ कैद करता है। इसका 6.7÷ फ्लेक्सिबल एमोलेड डिस्प्ले 1,300 निट्स की पीक ब्राइटनेस और 120 हर्ट्ज की रिफ्रेश रेट के साथ शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। फोन (2a) नथिंग के यूनीक डिज़ाइन एक्सप्रेशन को प्रदर्शित करता है, जिसमें इंडस्ट्री का पहला 90ए एंगल वाला यूनिबॉडी कवर और एक बिल्कुल नया कैमरा प्लेसमेंट शामिल है।

नाबार्ड ने महिला किसानों व एसएचजी को किया सम्मानित

चंडीगढ़। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका चलाने वाली तथा कृषि व लघु उद्योगों के क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं सम्मानित किया। इस मौके पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक रघुनाथ बी ने हरियाणा की महिला किसानों, एसएचजी सदस्यों, एफपीओ की महिला सदस्यों की उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता के लिए उद्यमिता, कौशल विकास, क्षमता निर्माण और क्रेडिट लिंकेज सबसे महत्वपूर्ण उपकरण हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कृषि, एमएसएमई, प्रौद्योगिकी और ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों के योगदान को मान्यता प्रदान करना और उनका सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम एक सशक्त योजना है। हाल ही में नाबार्ड और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने ग्रामीण महिला एसएचजी को लाभ पहुंचाने के लिए एक एमओयू किया है।

केंद्र द्वारा मिले कम बजट के चलते हो रही है जनता की लूट : पवन बंसल

● नगर निगम की बजट मीटिंग को रद्द करना लोकतांत्रिक भावना का अपमान

चंडीगढ़,

चंडीगढ़ नगर निगम की वार्षिक बजट मीटिंग मंगलवार को भाजपा के विरोध के बाद प्रशासन द्वारा रद्द किये जाने को पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन बंसल ने लोकतांत्रिक भावना का अपमान बताया है। पवन बंसल ने कहा कि वार्षिक बजट की यह मीटिंग बहुत आवश्यक थी। पिछले 7 वर्षों से नगर निगम बिजली, पानी के रेट बढ़ा कर, सीवरेज सेस और प्रॉपर्टी टैक्स शहर वासियों से वसूल करके अपना खर्च पूरा कर रहा है क्योंकि केंद्र से चंडीगढ़ प्रशासन को पहले ही फंड कम मिला रहा है और अब प्रशासन नगर निगम पर जोर डाल रहा है कि निगम खुद अपना फंड एकत्र करे, जिसके लिए निगम टैक्स का बोझ शहर वासियों पर डाल रहा है। ये सरासर जनता की लूट है, इसलिए इन सबको देखते हुए बजट



की मीटिंग बहुत ही आवश्यक थी जिसे भाजपा ने दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से टाल दिया।

गौरतलब है नए मेयर कुलदीप कुमार ने आज नगर निगम का वार्षिक बजट पेश करने के लिए सदन की विशेष बैठक बुलाई थी। लेकिन उससे ठीक पहले प्रशासन द्वारा इस मीटिंग को रद्द कर दिया गया, क्योंकि भाजपा ने इस पर जानबूझकर आपत्ति जताते हुए कहा था कि फाइनेंस एंड काट्रैक्ट कमेटी के गठन के बिना कोई भी बैठक नहीं बुलाई जा सकती, जबकि मेयर कुलदीप कुमार का कहना था कि ऐसी मीटिंग पहले भी हो चुकी हैं, और कानू